

## जबलपुर में आयोजित कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े प्रधानमंत्री

# स्वाधीनता संग्राम में जनजातियों का योगदान अतुलनीय : मोदी



**जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि स्वाधीनता संग्राम में देश के विभिन्न अचंलों में जनजातीय वीरों और जननायकों ने आजादी के लिए अपना लहू बहाया। इन वीरों ने अपना त्याग किया, पर अंग्रेजों को चैन से बैठने नहीं दिया। स्वाधीनता संग्राम के उस प्रारंभिक काल में जनजातीय जननायकों ने जो योगदान दिया, उसे हम भुला नहीं सकते, पर इतिहासकारों और तत्कालीन सरकारों ने इनके योगदान को सिरे से नकार दिया। देश के स्वाधीनता संग्राम में जनजातियों का योगदान अतुलनीय है, अभूतपूर्व है। इसीलिए हमने यह बीड़ा उठाया है कि जनजातीय वीरों और जननायकों के बारे में आज की नई पीढ़ी को भी अवगत कराया जाए। हर साल 15 नवम्बर को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी का जन्मदिन होता है। इस विशेष दिन को राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने के पीछे हमारी यही मंशा है कि जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सबकुछ न्यौछावर कर दिया, हम सब उनके बारे में जानें, समझें, विचार करें और इन शूरवीरों के योगदान को श्रद्धानवत होकर नमन् करें। प्रधानमंत्री श्री मोदी शनिवार को गुजरात के नर्मदा जिले से राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस समारोह का देशव्यापी सीधा प्रसारण किया गया। मध्यप्रदेश के जबलपुर में आयोजित राज्यस्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के इस वर्चुअल संबोधन का सभी ने श्रवण किया तथा उनके आह्वान पर देश के सभी जनजातीय वीरों और जननायकों को नमन किया। राज्यस्तरीय कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल और केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री दुर्गादास उइके विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।



## जनजातीय प्रतिभाएं सम्मानित

कार्यक्रम में राज्यपाल श्री पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा विशिष्ट उपलब्धियां प्राप्त करने वाले जनजातीय समुदाय के युवाओं, चित्रकारों और सिकल सेल एनीमिया पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉक्टर्स को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हाल ही में सम्पन्न आईसीसी महिला क्रिकेट विश्वकप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छतरपुर जिले की महिला क्रिकेटर सुश्री क्रांति गौड़ को 1 करोड़ का चेक और प्रशस्ति-पत्र दिया गया। अतिथियों द्वारा पद्मश्री श्री अर्जुन सिंह धुर्वे, श्रीमती फुलझारिया बाई, श्रीमती उजियारो बाई, विक्रम अवॉर्डी सुश्री रागिनी मार्को, सुश्री सृष्टि सिंह तथा राज्य शासन के सहयोग से विदेश में अध्ययन करने वाले विद्यार्थी आशाराम पालवी एवं रवि मेड़ा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रतियोगी परीक्षा पास करने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति समूह (पीवीटीजी) के चयनित 6 अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र दिया गया। कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जनजातीय वर्ग के दो मेधावी विद्यार्थियों को महाराजा शंकर शाह और रानी दुर्गावती मेधावी पुरस्कार प्रदान किए गए।

### शालिनी एप का लोकार्पण

अतिथियों द्वारा जनजातीय कार्य विभाग की योजनाओं की एक ही स्थान पर एकीकृत जानकारी के लिए तैयार शालिनी एप का लोकार्पण किया गया। अतिथियों द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत चयनित जनजातीय वर्ग हितग्राहियों को हितलाभ वितरण भी इस अवसर पर किया गया।

### जनजातीय महानायकों ने अंग्रेजों के दांत खट्टे किए: डॉ यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जबलपुर की धरती पर गोंडवाना के शहीद शंकर शाह और रघुनाथ शाह ने देशभक्ति की सबसे बड़ी मिसाल पेश की। निमाड़ की पावन धरती पर भील योद्धा भीमा नायक ने अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए। खंडवा-बुरहानपुर के टांट्या भील ने अंग्रेजी राज की कमर तोड़ दी। झाबुआ-आलीराजपुर में खाज्या नायक ने क्रांतिवीरों को संगठित कर अंग्रेजों को खुली चुनौती दी। भोपाल की रानी कमलापति ने विदेशी ताकतों के आगे झुकने के बजाय स्वाभिमान का रास्ता चुना। मंडला-जबलपुर की अमर नायिका महारानी दुर्गावती विदेशी शासन के विरुद्ध जनजातीय प्रतिरोध की सबसे बड़ी प्रेरणा बनी। महारानी दुर्गावती ने अपने जीवन में अकबर और शेरशाह सूरी से कुल 52 युद्ध लड़े और इनमें से 51 युद्ध जीते।

### 662 करोड़ के विकास कार्यों की मिली सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज प्रदेशभर के जनजातीय भाई-बहनों के सर्वांगीण विकास और कल्याण के लिए कुल 662 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाले 133 विकास कार्यों की सौगात दी गई है। इसमें 564 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 106 विकास कार्यों का लोकार्पण और 98 करोड़ से अधिक लागत के 27 विकास कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। इसके साथ ही हमने शालिनी ऐप का भी लोकार्पण भी किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाल विज्ञान पुरस्कार योजना के हितग्राही छात्रों को भी सम्मानित किया गया है। जनजातीय वर्ग के हित में महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत संचालित सभी कन्या छात्रावास और आश्रमों का नाम अब वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम पर रखा जाएगा। इसी प्रकार बालक छात्रावासों को भी अब महाराजा शंकर शाह के नाम पर संचालित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय छात्रावासों के बेहतर संचालन के लिए छात्रावास अधीक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती की आवश्यकता बताते हुए अगले वर्ष से प्रदेश के 5000 छात्रावासों के अधीक्षकों की भर्ती करने की घोषणा की।

### हाथों में होंगी योजनाएं: शाह

जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि प्रदेश के जनजातीय बंधु बोलते थे कि शासन की सभी योजनाओं हमारे हाथों में कैसे आएं। इसके लिए जनजातीय कार्य विभाग ने ऐप तैयार किया है। आज राज्यपाल और मुख्यमंत्री की उपस्थिति में शालिनी ऐप का लोकार्पण कर दिया गया है। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि पूरा देश जनजातीय गौरव दिवस मना रहा है। उन्होंने प्रदेश भर में इस समारोह में आए सभी जनजातीय बंधुओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के आरंभ में राज्यपाल श्री मंगु भाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. यादव का जनजातीय समुदाय की पारम्परिक वेशभूषा और मोर मुकुट पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत वंदे मातरम् गायन एवं समापन राष्ट्रगान जन-गण-मन गायन से हुआ।



## जनजातीय संस्कृति की दिखी झलक

कार्यक्रम का परम्परागत जनजातीय विधि से साल, तेंदू और साजा वृक्ष की पूजा तथा दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ हुआ। आयोजन के दौरान आदिवासी धर्मगुरुओं को बिरन माला पहनाकर सम्मानित किया गया, वहीं धर्मगुरुओं ने भी राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत कर वातावरण को और अधिक गरिमामय बना दिया। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धियां हासिल करने वाली जनजातीय वर्ग की प्रतिभाओं का सम्मान भी किया गया।

### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जनजातीय मामलों के केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, राज्यसभा सदस्य श्रीमती सुमित्रा बाल्मिकी, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, डॉ. अभिलाष पांडे, नीरज सिंह एवं संतोष बरकड़े, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश भाजपा के कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, भाजपा के नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, भाजपा के जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज व सोनू बचवानी भी मौजूद थे।



## मुख्यमंत्री ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

जनजातीय गौरव दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होने जबलपुर पहुँचे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आधारताल तिराहा स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ यादव भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर गैरिसन ग्राउंड सदर में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद आधारताल तिराहा पहुँचे थे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने माल्यार्पण करने के बाद भगवान बिरसा मुंडा अमर रहे के नारे भी लगाये। इस अवसर पर उनके साथ लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, जनजातीय कार्य मंत्री डॉ कुंवर विजय शाह, सांसद अशीषृ दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नु, विधायक सुशील तिवारी इंदु, डॉ अभिलाष पांडे, नीरज सिंह, भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, भाजपा के नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, भाजपा के जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) राजकुमार पटेल भी मौजूद थे।

## आकर्षण का केंद्र रही प्रदर्शनी

जबलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत लगाई गई भव्य प्रदर्शनी दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी। प्रदर्शनी में प्रदेश की जनजातीय परंपराओं, जनजातीय नायकों के योगदान तथा सरकार की जनजातीय हितैषी योजनाओं को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया। प्रदर्शनी में भगवान बिरसा मुंडा, रानी दुर्गावती, रानी कमलापति, झलकारी बाई, भीमा नायक, खाज्या नायक, बादल भोई, डेलन शाह सहित अनेक जनजातीय वीर-नायकों के जीवन संघर्ष, बलिदान और प्रेरक प्रसंगों को आकर्षक चित्र-पैनलों के माध्यम से दर्शाया गया। प्रदर्शनी के सांस्कृतिक अनुभाग में प्रदेश की भील, गोंड़, कोरकू, कोल, बैगा, सहरिया और भारिया जनजाति के कलाकारों ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा, वाद्य-संगीत और लोकनृत्यों के माध्यम से अपनी संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन किया। इस अवसर पर राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने प्रदर्शनी स्थल पर पहुँचकर भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री श्री दुर्गादास उइके, प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग मंत्री कुँवर विजय शाह सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी तथा बड़ी संख्या में आगंतुक उपस्थित रहे।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया रोड शो

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आज शनिवार को पूरे शहर में जनजातीय गौरव दिवस की गरिमा देखते ही बनी। गौरव दिवस का राज्य-स्तरीय समारोह गैरीसन ग्राउंड में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शहर में समन्वय चौक से सृजन चौक तक भव्य रोड शो निकाला। रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव के स्वागत के लिए आमजनों में भारी उत्सुकता दिखाई दी। आमजनों ने पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का जोरदार स्वागत किया। जनजातीय परंपरागत लोक नृतक दलों ने रोड-शो के दौरान आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी।

## ब्लेसिंग पब्लिक स्कूल में बाल दिवस पर लगाई गई विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी

**जबलपुर।** ब्लेसिंग पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक गायन के साथ हुई।

विद्यालय की निदेशक डॉ. श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव, आस्था श्रीवास्तव एवं आर्या श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यार्थियों ने तेज परिवहन व्यवस्था, प्रदूषण, डिजिटल क्रांति, नगर की सफाई व आधुनिक जीवनशैली जैसे विषयों पर रचनात्मक मॉडल प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि डॉ. अखिलेश गुमास्ता ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर विद्यार्थियों को स्वस्थ दिनचर्या अपनाने और सूर्योदय पूर्व जागने की प्रेरणा दी।



विशिष्ट अतिथियों में प्रो. करुणा वर्मा, वरिष्ठ पत्रकार अनुरोध पटेरिया, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल, अधिवक्ता अन्वेष वर्मा, डॉ. अंकिता वर्मा, एसआई शिखा पाठक सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत विद्यालय परिवार की ओर से राहुल पटेल, शैलेंद्र राय, निहाल पटेल तथा अन्य शिक्षकों ने किया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत राम मंदिर, स्वर्ण मंदिर, चर्च, जैन मंदिर, बौद्ध स्थल, काबा व मक्का-मदीना जैसे बहुधर्मीय मॉडल "विविधता में एकता" की उत्कृष्ट मिसाल रहे। अतिथियों ने बच्चों की कल्पनाशक्ति, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और टीमवर्क की सराहना की। अभिभावकों ने भी बच्चों के मॉडलों और उनके कार्यप्रणाली की जानकारी लेकर उनकी हौसला-अफ़जाई की। प्रदर्शनी में साक्षी पटेल, रीता कुर्मी, सिद्धिका अंसारी, अंश पटेल, हर्षल पटेल, पूर्णेश मिश्रा, माही पटेल, श्रद्धा लोधी, रितिका पटेल, शिवांक पटेल, कृति सेंगर, प्रिंस जायसवाल, रुद्राक्ष शर्मा, अंशिका वर्मा, अनुष्का वर्मा, आदित्य सोनी, तनीषा पटेल, गुनगुन यादव सहित अनेक विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन पंडित चंद्रशेखर शर्मा ने किया तथा आभार प्रदर्शन आर्या आस्था श्रीवास्तव ने किया। शिक्षक शिक्षिकाओं की टीम शारदा तिवारी, सिमरन कछवाहा, रुबी श्रीवास्तव, रितु साहू, विष्णु शुक्ला, अंजलि नामदेव, दिव्या चौधरी आदि ने प्रदर्शनी को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## पूर्व सैनिकों के लिए मिलन समारोह आयोजित

**जबलपुर।** जम्मू एंड कश्मीर राइफल्स रेजिमेंट का 32वाँ द्विवार्षिक सम्मेलन जबलपुर स्थित रेजिमेंटल सेंटर में उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता लेफ्टिनेंट जनरल एम.पी. सिंह ने की। कार्यक्रम की शुरुआत सैनिक सम्मेलन से हुई, जहाँ कर्नल ऑफ द रेजिमेंट ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी और सभी रैंकों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ बटालियन को "कर्नल ऑफ द रेजिमेंट बैनर" प्रदान किया गया। शाम को सभी रैंकों और पूर्व सैनिकों के लिए मिलन समारोह आयोजित हुआ, जिसने रेजिमेंट की परंपराओं और भाईचारे को उजागर किया। इसी दौरान फैमिली वेलफेयर मीट भी हुआ, जिसकी अध्यक्षता श्रीमती जसवीर कौर ने की। उन्होंने 'स्वावलंबन' एवं 'अन्नपूर्णा' जैसी कल्याणकारी परियोजनाओं की प्रशंसा की। समारोह में वरिष्ठ अधिकारियों, पूर्व सैनिकों तथा परिवारों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। दो दिवसीय सम्मेलन ने रेजिमेंट की गौरवशाली परंपराओं, एकता और राष्ट्र सेवा के संकल्प को और मजबूत किया।



# आधा माह बीतने के पश्चात खुली दुकान उपभोक्ताओं को नहीं मिला राशन

**बरेला।** राज्य सरकार के स्पष्ट निर्देश है की प्रतिमाह प्रतिदिन नियमित तौर पर राशन दुकान खोली जावे तथा हितग्राहियों को शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों पर गेहूं, चावल, नमक और शक्कर प्रदान की जाए किन्तु ग्राम पंचायत बिलहरी स्थित राशन दुकान नियमित ना खुलने पर उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। तथा राशन दुकानों के चक्कर काटने विवश हो रहे हैं। सहकारी समिति पड़वारअंतर्गत बिलहरी उचित मूल्य की दुकान संचालित की जा रही हैं। इन राशन दुकान में पदस्थ सेल्समैन मनमर्जी से संचालित



कर रहे हैं। शनिवार को सेल्समेन द्वारा इस महीने के 15 दिन बीत जाने के पश्चात दुकान खोली गई किंतु इस पर सेल्समैन द्वारा केवल उपभोक्ताओं के अंगूठे लगवाए गए तथा उपभोक्ताओं को कोई भी समग्र वितरित नहीं की। सेल्समैन द्वारा उपभोक्ताओं को पीओएस मशीन में अंगूठा लगवाने के 15 दिन और 1 महीने के बाद राशन दिया जाता है तथा उपभोक्ताओं को कोई पर्ची नहीं दी जा रही है ।ग्रामीणों का आरोप है कि सहकारी समिति में पदस्थ प्रबंधक कनिष्ठ खाद्य आपूर्ति अधिकारी द्वारा राशन दुकानों का निरीक्षण नहीं किया जाता है। ग्रामीणों ने ख़ाद्य विभाग के उच्च अधिकारियों से राशन दुकानों के औचक निरीक्षण की मांग की है तथा राशन दुकानों के भौतिक सत्यापन की मांग की है

**ग्राम पंचायत अमगवां नवीन का मामला**

# सरपंच सचिव पर विकास कार्य शुरू करने के पहले ही राशि आहरित करने का आरोप

सिहोरा।

जनपद पंचायत सिहोरा की ग्राम पंचायत अमगवां नवीन में सरपंच,सचिव की मिली भगत से ग्राम विकास के लिए आई राशि को विकास कार्य शुरू किए बिना ही आहरित करने का आरोप ग्राम के पंच एंव ग्राम वासियों द्वारा कलेक्टर एंव जिला पंचायत जबलपुर को भेजी शिकायत में लगाया गया है।

**आरटीआई से खुली पंचायत की पोल**

ग्राम पंचायत के पंच विजय पटेल पंच आशीष पटेल आरटीआई कार्यकर्ता पवन सोनी को ग्राम पंचायत ने आरटीआई के तहत जो जानकारी दी गई है उसमें ग्राम पंचायत में केंद्र सरकार के पांचवें वित्त और राज्य सरकार के 15 वें वित्त मैं जिन कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई उनमें अधिकांश काम शुरू तक नहीं हुए । ग्राम पंचायत अमगवां नवीन के ग्राम अमगवां एवं मुरता में आंगनवाड़ी के नए भवन निर्माण के लिए पंचायत विभाग द्वारा 7 लाख 80 हजार रुपए तथा महिला एवं बाल विकास द्वारा 7 लाख 80 हजार रुपए की तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गई शिकायतकर्ता के अनुसार सरपंच, सचिव ने आपसी मिली भगत कर स्वीकृत राशि से कई गुना अधिक 27 लाख 57 हजार 438 रुपए की राशि का आहरण कर लिया और दोनों ग्रामों में आंगनवाड़ी भवन का निर्माण पूरा नहीं हो सका।

**निष्पक्ष जांच कराने की मांग**

इसी प्रकार कार्यालय व्यय के नाम से फर्जी बिल लगाकर 17 लाख 4 हजार रुपए का भुगतान आकाश कंस्ट्रक्शन के नाम से कर दिया जबकि आकाश कंस्ट्रक्शन का काम रेत गिट्टी सीमेंट बेचने का है। पंचायत द्वारा पोल्ट्री फार्म शाला परिसर में फेवर व्लाक सहित अन्य कार्यों में अनियमितता का आरोप लगाया है ग्राम वासियों ने कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिहोरा जबलपुर से ग्राम पंचायत अमगवां नवीन के सरपंच,सचिव द्वारा आपसी मिली भगत से की गई अनियमितता की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है।

**इनका कहना है**

शिकायत प्राप्त हुई थी इंजिनियर कार्य का मुलाकंन कर रहे हैं प्रथम द्रष्टया ऐसी कोई गड़बड़ी प्रतीत नहीं हो रही है पंचायत स्तर पर स्वीकृत कार्य के अनुरुप राशि आती है उससे अधिक की राशि आहरित नहीं की जा सकती।

**आशा देवी पटले**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत सिहोरा**

# बारिश के बाद भी हिनोतिया भोई से बिलहरी मार्ग का नहीं किया जा रहा मेंटनेंस कार्य

**बरेला।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत कुछ वर्षों पूर्व बरेला पड़वार मार्ग पर हिनोतिया भोई से बिलहरी मार्ग का निर्माण कराया गया था। वर्तमान में दो वर्ष पूर्व 37 लाख की लागत से इस रोड का नवीनीकरण किया गया था किंतु इस रोड पर हैवी वाहन चलने के कारण यह रोड कुछ माह में ही पूर्णतया क्षतिग्रस्त हो गई है तथा इस रोड में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं तथा रोड के दोनों तरफ शोल्डर पट्टी का नाम तक नहीं है इसके कारण लोगों को आने-जाने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस रोड का नवीनीकरण हो जाने के पश्चात भी ठेकेदार द्वारा इस रोड की बारिश के बाद भी मरम्मत नहीं की गई है जिसके कारण यह रोड वर्तमान में खस्ताहाल हो गई है। स्थानीय निवासी गुड्डा श्रीपाल,मुन्ना श्रीपाल ने बताया कि इस रोड से दोपहिया वाहन से भी निकलना मुश्किल है किंतु इसके बावजूद भी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों द्वारा इस रोड का निरीक्षण न करने और ठेकेदार द्वारा समय समय पर इस रोड की दुरुस्ती नहीं की



जा रही है। इसकी वजह से लोगों को बारिश के बाद भी इस गड्ढे वाली सड़क से होकर गुजरना पड़ रहा है । ग्राम बिलहरी की राशन दुकान के पास रोड पूर्णता गड्ढों में तब्दील हो गई है।बताया जाता है कि ठेकेदार द्वारा इस रोड का नवीनीकरण होने के पश्चात समय समय पर कार्य नहीं कराया गया है ।ठेकेदार द्वारा केवल बोर्ड वगैरह ही बदले गए हैं किंतु मेंटेनेंस के नाम पर कोई भी कार्य नहीं किया गया है जिसके कारण लोगों को अभी भी मुश्किलो से जूझना पड़ रहा है।

**पहरेवा में सभी राजनैतिक दलों की बड़ी बैठक**

# प्रदेश गठन के साथ ही सिहोरा को जिले का दर्जा मिल जाना था पर सौतेला व्यवहार किया गया : खम्परिया

**सिहोरा।** सिहोरा के साथ हो रहे सौतेले व्यवहार को रोक न पाने के कारण ही सिहोरा आज भी अपने गौरव से वंचित हैं उक्त आशय के उद्गार पुर्व विधायक नित्यनिरंजन खम्परिया ने पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश पाण्डेय के पहरेवा स्थित निवास पर जिला आन्दोलन से



प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रुप से जुडे राजनैतिक अराजनैतिक समाजिक संगठनों की बैठक में व्यक्त किये। पूर्व जिला प्रचारक प्रमोद साहू,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जयप्रकाश दुबे,नन्द कुमार परोहा,साहित्यकार अश्वनी कुमार पाठक,किसान यूनियन के संभागीय अध्यक्ष एड रमेश पटैल,एड साधना जैन,सुनील जैन सहित 26 शाल पहले हुए जिला आन्दोलन का हिस्सा रहे लोगों की उपस्थिती में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए खम्परिया ने आगे कहा की सिहोरा देश का भौगोलिक केन्द्र बिन्दु एंव सहकारिता का जनक होने के साथ साथ स्तन्त्रता आन्दोलन में भी दिये गये योगदान के लिए जाना जाता है और इसे जिले का दर्जा मध्यप्रदेश गठन के साथ ही मिल जाना था।विदित हो संघ के पूर्व जिला प्रचारक के अगामी 06 दिसम्बर शौर्य दिवस से अन्न त्याग सत्याग्रह एंव 09 दिसम्बर से जल त्याग आमरण अनशन की घोषणा के पश्चात जिले के लिए अन्दोलनरत लक्ष्य जिला समिती को व्यापक समर्थन मिल रहा है। पूर्व में हुए आन्दोलनो में हुई कार्यवाही एंव अगामी सत्याग्रह की रुपरेखा बनाने उपस्थित सभी वरिष्ठों ने अपने सुझाव दिये। भाजपा नेता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश पाण्डे ने बिना किसी राजनैतिक लालसा के जहां तन मन धन से आन्दोलन को सहयोग प्रदान करने की घोषणा की वही अनेक लोगों ने सत्याग्रह की पूर्ण सफलता के लिए हर स्तर पर अपने योगदान की बात कही। वहीं बैठक में अपने वाहनों में काले झंडे लगाने के साथ अनेक प्रस्ताव भी पास किए गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कांग्रेस सहित अन्य दलों के नेता, समाजिक संगठनों के अध्यक्ष,गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर संगोष्ठी आयोजित

**सिहोरा।** जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा के संयोजन में आज आदिवासी एवं वनवासी समाज के महानायक उनके स्वाभिमान,स्वतंत्रता, और संस्कृति के संरक्षण के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर पुष्पांजलि एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहारी पटेल अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा,राजेश चौबे,बाबा कुरैशी,ममता गोटिया,राजेश पटेल,आलोक पांडे,रमेश पटेल, गणेश दाहिया,लाल बहादुर पाठक,दिलीप जैन, डब्बू पाठक,ओम नारायण श्रीवास्तव,कोमल श्रीवास,अनुज ठाकुर,सुभाष ठाकुर दीपक गोटिया आदि उपस्थित थे।

# अंतस ने आयोजित किया बाल महोत्सव

**जबलपुर।** बाल दिवस के अवसर पर अंतस साहित्यिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संस्था के तत्वावधान में अंतस बाल महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें बाल कलाकारों ने सुंदर-सुंदर नृत्य, गीत, संगीत, चौपाई काव्य और फैंसी ड्रेस, जादू आदि विभिन्न विधाओं में नगर के 70 से अधिक बच्चों ने दर्शकों का मन मोह लिया।
कार्यक्रम के अध्यक्ष आचार्य डॉ. हरिशंकर दुबे, मुख्य अतिथि आचार्य भागवत दुबे, प्रतुल श्रीवास्तव, सारस्वत अतिथि मोती शिवहरे, प्रकाश वेरुलकर, डॉ. शिप्रा सुल्लेरे, प्रशांत सोनी एवं विशिष्ट अतिथि सुधीर कोरी, डॉ. एचबी पालन, डॉ. दुर्गेश ब्यौहार दर्शन, सुरेश दर्पण की उपस्थिति रही। इस अवसर पर अतिथियों ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। मंगलभाव राजेश पाठक प्रवीण ने व्यक्त किए। स्वागत उद्बोधन संस्थापक डॉ. अनिल कुमार कोरी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का संयोजन विनीता पैगवार विधि ने किया एवं आभार शअनुराग कोरी सांई ने प्रकट किया। आयोजन समिति सदस्यों- राकेश पैगवार, निहारिका कुरवाने, प्रो. अभिषेक झारिया, रमाकांत गौतम, रचना श्रीवास्तव ने व्यवस्था बनाने में सहयोग दिया। बाल कलाकारों ने सराहनीय प्रस्तुतियां दी जिनमें- काव्य पाठ प्रस्तुति अंतरीक्ष कोरी, हर्षवर्धन दुबे, अनाया चौरसिया (रामचरित मानस की चौपाईया), कविष साध्वी तिवारी, एक युगल नृत्य अराध्या साहू, सौम्या साहू, एकल नृत्य में आरोही चौरसिया, अविका यादव, समृद्धि कोरी (भरत नाट्यम),



संतोषी (किनारे पर बैठकर नौका पार नहीं होती), आरवी जायसवाल, आरोही जायसवाल, अंशिका काछी। बाल नृत्य महोत्सव- नवरंग कथक कला केंद्र के विद्यार्थियों द्वारा एक समूह नृत्य कृष्टी, सान्या जैन, आरोही सहारे, अराध्या सितारे, तन्वी पाहुजा (पारंपरिक नृत्य), आनंदा खरे, लक्ष्मी झारिया, समूह नृत्य आराध्या, आरूषि पैगवार, आदित्य, अराध्या, अनुष्का कोरी, सान्वी पैगवार, पूर्वी यादव ने प्रस्तुत किया एवं बाल भवन की छात्रा काव्या वर्मा ने नृत्य की प्रस्तुति दी।

# बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती पर गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ ने अर्पित की पुष्पांजलि

**जबलपुर।** 15 नवम्बर 2025 को गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ द्वारा धरती आवा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के अवसर पर एक विशेष आयोजन अमर शहीद राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह प्रतिमा स्थल पर किया गया। इस अवसर पर उनके तैलचित्र पर सभी ने माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सामाजिक विचारों, आदिवासी संस्कृति के संरक्षण में उनके योगदान और जल, जंगल, जमीन के अधिकारों के लिए उनके संघर्ष को आत्मसात करते हुए अपनी-अपनी बात रखी। जहां गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ के अध्यक्ष नेमसिंह मरकाम ने बताया कि बिरसा मुंडा, जो आदिवासी समुदाय में 'भगवान' की उपाधि से जाने जाते



हैं, ने आदिवासी संस्कृति की रक्षा और अपने समुदाय की पहचान को संरक्षित करने के लिए एक लंबा समय तय किया था। उन्होंने समाज के शोषण, आदिवासी अधिकारों की रक्षा और जल, जंगल, जमीन की सुरक्षा के लिए अनेक आंदोलन चलाए। उन्होंने अपने आंदोलन के माध्यम से समाज में एकता और साहस का संदेश दिया। हम आदिवासी हमेशा उन्हें याद करते हुए उनके द्वारा बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं।

इस अवसर पर पूर्व विधायक नन्हे लाल धुर्वे, नेमसिंह मरकाम, गया प्रसाद धुर्वे, अजय झारिया, अंजना इनवाती, दिशा इनवाती, एच.एल. मार्को, सारिका माडवी, मुकेश मार्को, डी.एल. कोचे, जगदीश नन्हेट, प्रमिला मरावी, वी.एस. मरावी, नागपुर से व्ही.पी. राठौर, दमोह से धीरज सिंह सरौते, दीपक मरकाम, सुनील धुर्वे, भानसिंह तेकाम के साथ आधा सैकड़ा आदिवासी संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# क्रिकेट विश्व कप जीतने वाली क्रांति गौड़ का गांधीग्राम आगमन पर किया स्वागत



सिहोरा।

आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 जीतकर देश का नाम रोशन करने वाली भारतीय टीम की सदस्य और मध्य प्रदेश की गौरव सुश्री क्रांति गौड़ का गांधीग्राम स्थित बघेल निवास पर भव्य स्वागत कर सम्मानित भी किया गया। क्रांति गौड़ के आगमन पर प्रताप सिंह बघेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मोनू सिंह, जनपद सदस्य धर्मेन्द्र सिंह राजपूत, ऋतुराज सिंह बघेल, आकाश जैन, अमित परिहार, अनिल चौधरी, हरिशंकर तिवारी, रेवाशंकर असाटी, उत्तम तिवारी सहित भाजपा कार्यकर्ताओं,युवा खेल प्रेमियों और ग्रामवासियों ने उनका ज़ोरदार अभिनंदन किया।

**अभाविप छात्र निर्माण से राष्ट्र निर्माण की पाठशाला**

# दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग का समापन




**सिहोरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ स्वामी विवेकानंद व माता सरस्वती के छायाचित्र में माल्यार्पण व दीप प्रचलित कर किया गया । जबलपुर के विभाग प्रचारक आनंद जी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर चल रहे पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता,कुटुंब प्रबोधन,स्वा का भाव,नागरिक कर्तव्य,व पर्यावरण पर विस्तृत चर्चा की कार्यकर्ताओं से ऐसे आचरण में उतरने की बात कही। बैठक के दूसरे सत्र में अभाविप की राष्ट्रीय सदस्य सुश्री साक्षी बोहरे ने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन होने के नाते हमारी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि हमें राज नहीं समाज बदलना है और समाज परिवर्तन से पहले हमें स्वयं में परिवर्तन लाना आवश्यक है एवं महाकौशल प्रांत सह मंत्री व नरसिंहपुर विभाग संगठन मंत्री सुव्रत बाझल ने सत्र में कहा कि अभाविप छात्र निर्माण से राष्ट्र निर्माण की पाठशाला है जो सदैव ही राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे रहा है ।वर्ग में 5 इकाइयों में से 65 ने सहभागिता की विभिन्न सत्रों में सैद्धांतिक भूमिका,कार्य पद्धति,आचार्य पद्धति, परिसर कार्य सहित कई विषयों पर चर्चा हुईं ।अभ्यास वर्ग के समापन में जिला प्रमुख धीरेंद्र बघेल द्वारा सिहोरा भाग संयोजक शरद शर्मा की घोषणा की गई वर्ग में प्रमुख पदाधिकारी प्रांत खेलो भारत प्रमुख शिवम चौरसिया,विभाग संयोजक सीमांत दुबे,नरसिंहपुर विभाग छात्रा प्रमुख सुश्री राशि जैन उपस्थित रही ।

# एमपीटी गेट पर अवैध वाहन खड़े होने से पर्यटक परेशान

**भेड़ाघाट।** विश्वप्रसिद्ध संगमरमर की वादियों को देखने देश–विदेश से आने वाले पर्यटक इन दिनों एमपीटी (मध्य प्रदेश पर्यटन) गेट पर अवैध वाहनों की भीड़ के कारण भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। पंचवटी स्थित एमपीटी परिसर में पर्यटन विभाग द्वारा ठहरने और भोजन की व्यवस्था तो की गई है, लेकिन कर्मचारियों की लापरवाही के चलते गेट पर अनियमित पार्किंग और अव्यवस्था बनी रहती है।
पर्यटकों का कहना है कि अवैध रूप से खड़े वाहनों से आने-जाने में बाधा उत्पन्न होती है, जिससे कई बार जाम जैसी स्थिति बन जाती है। करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद विभाग पर्यटकों को मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने में विफल नजर आ रहा है। सूत्रों के अनुसार, गेट पर फैली यह अव्यवस्था



कहीं न कहीं विभागीय कर्मचारियों की मिलीभगत का परिणाम भी हो सकती है। बताया जा रहा है कि एमपीटी विभाग के अधिकारी समय पर निगरानी नहीं करते, जिसके चलते व्यवस्था दिनों-दिन बिगड़ती जा रही है।पर्यटन विशेषज्ञों का कहना है कि भेड़ाघाट जैसे अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल पर सुविधाओं की कमी और व्यवस्थाओं की अनदेखी गंभीर चिंता का विषय है। संगमरमर घाटी और धुआंधार जलप्रपात का अद्भुत नज़ारा देखने आने वाले पर्यटकों को बेहतर अनुभव दिलाना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है, लेकिन वर्तमान हालत विभाग की लापरवाही और कुप्रबंधन को दर्शाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो यह स्थिति पर्यटन को नुकसान पहुँचा सकती है। मामला जांच और सुधार की मांग करता है।

**निधन**

**श्री सुबीर सरकार-** हाथीताल स्थित गुडलक अपार्टमेंट के सामने निवासी श्री सुबीर सरकार (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम स्वरूप अग्रवाल-** बाजनामठ तिलवारा रोड निवासी श्री राम स्वरूप अग्रवाल (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सुरेश कुमार शर्मा-** शांति नगर दमोहनाका निवासी श्री सुरेश कुमार शर्मा (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अभिषेक गर्ग-** गंगाराम का बाड़ा शीतलामाई सरकारी कुआं रोड निवासी श्री बसंत गर्ग के पुत्र श्री अभिषेक गर्ग (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नारायण प्रसाद यादव-** ड्रीमलैंड ग्रीन सिटी रोड माढ़ोताल निवासी श्री नारायण प्रसाद यादव (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री तरन समुंद्रे-** प्रेमसागर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री छुन्ना लाल समुंद्रे के पुत्र श्री तरन समुंद्रे का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सपन कुरेले-** हनुमानताल शुक्रवारी बजरिया के पास निवासी श्री सुरेश कुरेले के पुत्र श्री सपन कुरेले (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लखन रजक-** बेलबाग निवासी श्री सतीश रजक के पुत्र श्री लखन रजक (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रेवती बाई पटेल-** ग्राम बरबटी रोड स्थित पड़रिया सिलुआ थाना बरेला निवासी श्री राम स्वरूप पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती रेवती बाई पटेल (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती तारा बाई-** बेलबाग टोरिया निवासी श्री बिशनू डुमार की धर्मपत्नी श्रीमती तारा बाई (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती छात्रेश्वरी पांडे-** एमआईजी 89, धनवंतरी नगर निवासी श्री सूरज प्रसाद पांडे की धर्मपत्नी श्रीमती छात्रेश्वरी पांडे (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीपक मेहतो-** छोटी ओमती पुत्री शाला के पास निवासी श्री काली चरण मेहतो के पुत्र श्री दीपक मेहतो का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री महेश जायसवाल-** कजरवारा नई बस्ती निवासी श्री महेश जायसवाल (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री छुट्टन सिंह राजपूत-** चांदमारी रोड लालमाटी निवासी श्री मुन्ना सिंह राजपूत के पुत्र श्री छुट्टन सिंह राजपूत (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजकुमार श्रीवास्तव-** शुभांचल काम्पलेक्स मदनमहल स्टेशन रोड निवासी श्री राजकुमार श्रीवास्तव (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री योगेश बिरहा-** घमापुर चौक के पास निवासी श्री रमेश बिरहा के पुत्र श्री योगेश बिरहा (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजकुमार केवट-** गौरीघाट ललपुर रोड नई बस्ती निवासी श्री राजकुमार केवट (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रति लाल कुचबंधिया-** चांदमारी लालमाटी निवासी श्री रति लाल कुचबंधिया (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अजय प्रजापति-** शांति नगर दमोहनाका रोड निवासी श्री मंगल प्रसाद प्रजापति के पुत्र श्री अजय प्रजापति (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजू चौधरी-** कांचघर रोड नेहरू वार्ड निवासी श्री राजू चौधरी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सरोज बेन-** सदर गली नं. 9 लाल स्कूल के पास निवासी श्री मुकुट बेन की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज बेन (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती महारनिया त्रिपाठी-** जोगनी नगर छापर रामपुर निवासी श्री राम कुमार त्रिपाठी की धर्मपत्नी श्रीमती महारनिया त्रिपाठी (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री ब्रह्मानंद शर्मा-** छुई खदान जीसीएफ निवासी श्री ब्रम्हानंद शर्मा (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सिकंदर कुमार चौधरी-** कृष्णा कॉलोनी सुहागी निवासी श्री सिकंदर कुमार चौधरी (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री रवि शंकर चौधरी-** रविदास नगर निवासी श्री रवि शंकर चौधरी (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ममता खरे-** नब्बे क्वाटर त्रिमूर्ति नगर निवासी डॉ. अनिल कुमार खरे की धर्मपत्नी श्रीमती ममता खरे (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री भुवनेश्वर डे-** बिलपुरा कॉलोनी व्हीकल रोड निवासी श्री भुवनेश्वर डे (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 10x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 10x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

### माँ नर्मदा के अस्तित्व संरक्षण के लिए विजयनगर स्थित नर्मदा कालेज परिसर में होगा आयोजन

# नौ दिवसीय श्री शिव समाराधन महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा 17 से 25 तक

हरिभूमि जबलपुर।




माँ नर्मदा को प्रदूषणमुक्त और उनके अस्तित्व की रक्षा के संकल्प के साथ माँ नर्मदा अस्तित्व संरक्षण समिति द्वारा 17 से 25 नवंबर 2025 तक नौ दिवसीय श्री शिव समाराधन महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक कार्यक्रम घड़ी चौक, विजय नगर स्थित नर्मदा कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस परिसर में होगा। आयोजन की जानकारी समिति अध्यक्ष राममूर्ति मिश्रा और मुख्य समायोजक स्वामी महेंद्रानंद महाराज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। इस नौ दिवसीय अनुष्ठान में प्रतिदिन सुबह 8 से 10 बजे तक वैदिक यज्ञ और दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक शिव महापुराण कथा का वाचन होगा, जिसे अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पूज्य श्री गिरिबापू जी महाराज अपने ओजस्वी श्रीमुख से प्रस्तुत करेंगे।

#### मुख्य संत और अतिथि

कार्यक्रम में पूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी, जगद्गुरु नृसिंहदेवाचार्य जी, स्वामी गिरीशानंद सरस्वती जी, महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद महाराज सहित अनेक संतों का दिव्य सान्निध्य रहेगा। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री करण सिंह वर्मा, दिलीप जायसवाल, कृष्णा गौर, ओंकार सिंह मरकाम सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का समापन 25 नवंबर को पूर्णाहुति और विशाल भंडारे के साथ होगा। प्रेस वार्ता में स्वामी महेंद्रानंदजी, अध्यक्ष राममूर्ति मिश्रा, मयंक यादव, महंत दयानंद गिरि, नवनीत माहेश्वरी, एड. चंद्रपुरी गोस्वामी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

#### शंकराचार्य जी का जबलपुर आगमन आज

समायोजक स्वामी महेंद्रानंद जी ने बताया कि आज शाम परम पूज्य शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज का जबलपुर आगमन होगा तथा रविवार की रात 8 बजे कथा वाचक पूज्य श्री गिरिबापू जी महाराज भी पधारेंगे। यह महायज्ञ माँ नर्मदा संरक्षण के प्रति जनजागरण और सामूहिक संकल्प का संदेश लेकर संपूर्ण शहर में धर्ममयी वातावरण बनाने वाला सिद्ध होगा।

## भानु देवाचार्य महाराज की अगुवाई में निकली श्रीराम कथा की शोभायात्रा



**जबलपुर।** श्रीराम मानस महिला मण्डल के तत्वावधान में अनंत श्री विभूषित परम पूज्य स्वामी राम प्रपन्नाचार्य महाराज के कृपा पात्र शिष्य मानस प्रपन्न भानु देवाचार्य महाराज के पावन सानिध्य में भव्य कलश यात्रा श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर गौतम मढिया, जबलपुर से प्रारंभ होकर क्षेत्रीय भ्रमण करती हुई पचमठा मंदिर लघुकाशी तीर्थ, जबलपुर में संपन्न हुई। भव्य शोभायात्रा का जगह-जगह श्रेत्रीय जनमानस ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा में दुलदुल घोड़ी, बैण्डदल के साथ पीत वस्त्र धारी बहिनें एवं सुमधुर भजनों को गाते भाई शोभायात्रा की गरिमा बढ़ा रहे थे। व्यास पीठ का पूजन अर्चन मुख्य यजमान गणेश दत्त दुबे/ संध्या दुबे, अमोल सिंह राजपूत, प्रतीक/ श्वेता दुबे ने किया। इस अवसर पर राजेश पटेल, जवाहर पटैल, भानुप्रताप सिंह, विराज तिवारी, आकाश पटैल, एड. राजकुमार अवस्थी, नितिन बहेडिया, एड. विनीत टहनगुरिया, डॉ. अजय फौजदार, राज चोपड़ा, सुधा राजपूत के साथ ही डॉ. अरुण मिश्रा, दीपांशु शुक्ला की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## रमनगरा में पंचदिवसीय नर्मदा पुराण आज से



**जबलपुर।** रामनगरा में 16 नवम्बर से नर्मदा पुराण का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर ब्रह्मलीन द्विपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के परम प्रिय शिष्य गीता मनीषी ब्रह्मचारी निर्विकल्प स्वरूप महाराज कथा का वाचन करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 15 नवम्बर दिन शनिवार को शाम 4:00 बजे विशाल शोभायात्रा (कलश यात्रा) निकाली गयी। साथ ही आज 16 नवम्बर दिन रविवार से 20 नवम्बर गुरुवार तक प्रतिदिन अपरान्ह 3:00 बजे से संध्या 6:00 तक कथा होगी, जिसमें माँ भगवती नर्मदा की कथा होगी। आयोजक परिवार द्वारा सभी माँ नर्मदा के भक्तों एवं सभी श्रद्धालुओं से उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ उठाने की अपील की गई है, जिसमें ब्रह्मचारी चैतन्यानंद एवं ब्रह्मचारी सास्वतानन्द भी सम्मिलित रहे।

### सामाजिक जागरूकता पर जोर, लव जिहाद सहित कई मुद्दों पर हुई चर्चा

# महिला सुरक्षा और सम्मान पर विशेष कार्यक्रम आयोजित



**जबलपुर।** हिंदू जागरण मंच एवं जन कल्याण न्यास के संयुक्त तत्वावधान में आज मानस भवन में महिला सुरक्षा और सम्मान विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता पूज्य साध्वी समाहिता दीदी ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, संस्कार और समाज में बढ़ती चुनौतियों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने लव जिहाद के मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए समाज में जागरूकता, सतर्कता और मजबूत सामाजिक ढांचे की आवश्यकता पर बल दिया। साध्वी दीदी ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा केवल कानून से नहीं, बल्कि परिवार और समाज की सामूहिक जागरूकता से सुनिश्चित होती है। कार्यक्रम में संगठन के क्षेत्र से मनीष उपाध्याय मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा जबलपुर जिले के संगठन मंत्री अंबालाल जी, टिल्लू शर्मा, सचिन रजक, प्रमोद महरौलिया, पीयूष रजक, यस कटारिया, विजय उपाध्याय, सीमा साहू, शिप्रा गुप्ता, वैभव खरे, मोहित शर्मा, शेखर रजक, प्रदीप द्विवेदी, आनंद सैनी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर जनजागरण को बढ़ावा देना और समाज में सम्मान व संवेदनशीलता का वातावरण बनाना रहा।

#### समाज का संग रिश्तों का रंग होता है परिचय सम्मेलन : नीरज नारद

**जबलपुर।** दो कुल ,दो परिवार, दो विचार के मन के मिलन का अवसर श्री आदिनाथ समिति गोल बाजार जबलपुर के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय दिगंबर जैन परिचय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ जिसमें बड़ी संख्या में अपार भीड़ के बीच श्री पिशनहारी तीर्थ परिसर में विवाह योग्य युवक, युवतियों ने पूर्ण मुस्तैदी के साथ अपने परिवार का एवं अपनी योग्यता का परिचय दिया। किसी ने बताया कि मुझे जॉब वाली लड़की चाहिए, तो किसी ने कहा कि मुझे मिलनसार, तो कहीं बुजुर्गों का सम्मान करने वाली जीवन संगिनी एवं भावनाओं का सम्मान करने वाला लड़का चाहिए। प्रदेश एवं देश के बाहर से जो प्रतिभागी सम्मेलन में स्वयं उपस्थित नहीं हो सके उन्होंने अपना दो मिनट का परिचय युक्त वीडियो आयोजक मंडल को भेजा जिसे सम्मेलन के दौरान बड़ी स्क्रीन पर चलाया गया। मीडिया प्रभारी नीरज नारद ने बताया कि आज कार्यक्रम में मुख्य अतिथि में सुनील जैन अध्यक्ष दयोदय तीर्थ क्षेत्र भेड़ाघाट, शैला जैन पूर्व पंचायत अध्यक्ष भेड़ाघाट, विशिष्ट अतिथि संजय अरिहंत महामंत्री पिशनहारी मढ़िया ट्रस्ट, गौरव अध्यक्ष कैलाशचंद जैन अध्यक्ष जैन पंचायत सभा जबलपुर, पंकज जैन संस्था अध्यक्ष शैलेश आदिनाथ की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# 'जयोस्तुते' गीत से महाराष्ट्र विद्यालय शताब्दी महोत्सव का शुभारंभ




**जबलपुर।** महाराष्ट्र हायस्कूल राईट टाऊन जबलपुर शहर की प्रतिष्ठित एवं आदर्श शाला है, 1925-26 के ब्रिटिश काल में स्थापित यह शाला अपनी स्थापना का गौरवपूर्ण शताब्दी वर्ष मना रही है, इस उपलक्ष्य में पूर्व छात्रों का दो दिवसीय सम्मेलन मानस भवन में आयोजित किया गया। प्रथम दिवस 15 नवम्बर को शताब्दी वर्ष का उद्घाटन तालमणी पंडित किरण देशपांडे, जस्टिस प्रकाश नावलेकर, चंद्रशेखर पटवर्धन, सदानंद गोडबोले, सुरेश मुंजे, विश्वास पाटणकर द्वारा दीप प्रज्जवलन से किया गया। तत्पश्चात सभी पूर्व छात्रों द्वारा शाला की प्रार्थना 'काले वर्षतः पर्जन्यां पृथ्वी शस्य शालिनी' का सामूहिक गायन किया गया। शाला की सौ वर्ष की गतिविधियों से परिपूर्ण 'शतसाधना' स्मारिका का विमोचन संपादक मंडल के दीपक मुंजे, अभय गोरे, मदन नाईक, राकेश ताम्हनकर, रेखा शेवडे, स्मिता सप्रे, अनंत देढे, चंद्रशेखर पटवर्धन, राम कणीकर द्वारा किया गया। सदानंद गोडबोले ने स्वागत भाषण दिया। पूर्व शिक्षकों तथा प्रतिभा संपन्न पूर्व छात्रों का सम्मान किया गया। सुर संगम कार्यक्रम की प्रस्तुति श्रीकांत भुसारी, मंजुषा देशमुख, रेखा गोडसे पाटील, द्वारा दी गई।

पु. ल. देशपांडे लिखित, रवी परांजपे निर्देशित 'विठ्ठल तो आला आला' विनोदी नाटक का मंचन विशेष आकर्षण रहा। कराओके गीत गायन से कार्यक्रम का समापन हुआ। मंच संचालन विश्वास पाटणकर द्वारा किया गया। इस अवसर पर रवींद्र कीर्तने, सुबोध मांडवीकर, वर्षा दांडेकर, हेमंत सावरकर, दिलीप कुलकर्णी, रेखा गोडसे, मुरलीधर पाळंदे, राजा हिरस्कर, रमेश खडसन, प्रकाश वैद्य, पद्मजा रानडे, अरुण गायकी, संजय आपटे, सुधीर बेडेकर, सुनील किबे, शाम कुलकर्णी, प्रकाश वाते, मोहन देशपांडे, मुकुंद पांडे, अनिल दांडेकर, राजेंद्र पराते, पूर्व छात्रों का सहयोग रहा।




## प्रीस्कूल में हुआ बाल दिवस समारोह

**जबलपुर।** इकिगाई किड्स इंटरनेशनल प्रीस्कूल में 14 नवम्बर 2025 को बाल दिवस बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया, जो बच्चों के लिए एक यादगार और सफल अवसर साबित हुआ। पूरे परिसर में हँसी, खुशी और सृजनात्मक ऊर्जा का वातावरण देखा गया, क्योंकि बच्चे विभिन्न मजेदार गतिविधियों में पूरी उत्सुकता के साथ भाग लेकर अपनी मासूमियत और आनंद का प्रदर्शन कर रहे थे। इस समारोह में टैटू कॉर्नर, कला गतिविधियाँ, कपकेक सजाने जैसी आकर्षक गतिविधियाँ शामिल थीं, जिससे बच्चों के चेहरे पर खुशी और चमक झलक रही थी। इस दिन का आनंद बच्चों के लिए अविस्मरणीय बन गया और यह स्कूल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि वह प्रत्येक बच्चे के खुशहाल और सृजनात्मक विकास को महत्व देता है। इकिगाई किड्स इंटरनेशनल प्रीस्कूल में बाल दिवस समारोह अत्यंत हर्षोल्लासपूर्ण और सफल रहा, जिसने सभी के लिए सुंदर यादें छोड़ दीं। चेयरपर्सन अर्पिता मालपानी ने बच्चों को अपनी स्नेहपूर्ण शुभकामनाएँ दी।

### मॉडल हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं को भूतपूर्व छात्रों ने दिए पुरस्कार

# मॉडेलियन का प्रतिभा अलंकरण कार्यक्रम संपन्न



**जबलपुर।** मॉडल हाई स्कूल (पं. लज्जाशंकर झा उच्च. माध्य. उत्कृष्ट विद्यालय, जबलपुर) के भूतपूर्व छात्रों के संगठन मॉडेलियन का प्रतिभा अलंकरण समारोह शाला के छात्र- छात्राओं की उपस्थिति में 14 नवंबर बाल दिवस के अवसर पर संपन्न हुआ। मॉडेलियन द्वारा मॉडल हाई स्कूल के पूर्व शिक्षकों व प्राचार्यों की स्मृति में विभिन्न विषयों में प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले शाला के ही छात्र-छात्राओं को अलंकरण एवं नकद राशि प्रदान की जाती है।

इस वर्ष कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला के 1979 बैच के छात्र और जाने-माने नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. पवन स्थापक रहे। डॉ. पवन स्थापक ने इस अवसर पर कहा कि इस शाला के महान शिक्षकों की शिक्षा के ही कारण मेरे बैच के 28 छात्रों में से 20 छात्रों का चयन पीएमटी में उस वर्ष हुआ था। इस शाला में छात्रों में खुद पढ़ने और हर प्रतियोगिता को जीतने की शिक्षा दी गई है। उन्होंने अपने शाला के दिनों का स्मरण किया। इस अवसर पर डॉ. आईके खन्ना ने भी शाला के गौरवशाली दिनों को याद किया। डॉ. पवन स्थापक ने अगले वर्ष से शाला में 'बेस्ट टीचर' पुरस्कार शुरू करने की घोषणा की। कार्यक्रम में शाला प्राचार्य उपमा गुप्ता, मॉडेलियन सचिव हिमांशु राय, कोषाध्यक्ष योगेन्द्र भार्गव, संयुक्त सचिव युवराज गढ़वाल, हेमन्त दवे, प्रो. डॉ. आईके खन्ना, सिद्धार्थ दिवाकर, पीयूष अग्रवाल, गोविन्द इंदुरख्या, अजय नामदेव, डीडी शर्मा, आशीष नामदेव, अनिल बाजपेयी आदि उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन युवराज गढ़ावाल ने किया।

## जय माता दी भक्त परिवार ने किया सुहागलों का आयोजन

**जबलपुर।** जय माता दी भक्त परिवार द्वारा अगहन की नवमी की आठवीं वर्षगांठ में विधि विधान वैदिक मंत्र उच्चारण, भजन द्वारा 258 बृहद सुहागलों आयोजित की गई जिसमें माता रानी ने सभी को दर्शन देकर आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम की आयोजक शिल्पा तिवारी डायरेक्टर जय माता दी भक्त परिवार को डायरेक्ट जयंती पोद्दार एवं संरक्षिका श्वेता दुबे के सौजन्य से सिंदूर की देवी सुहागले वैदिक मंत्र उच्चारण एवं भजन के द्वारा संपन्न हुई। जिसमें कीर्ति अभिलाष पांडे एवं मौसमी,रश्मि ,सुरभि ,आकांक्षा ,कुसुम लता, सिद्धि, अर्चना,वर्षा , दीपिका, अनामिका, सहित 258 महिलाओं ने भावपूर्वक भगवती की वर्षगांठ में सम्मिलित ओली लेकर आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी पर माता रानी का आशीर्वाद बना रहे जय माता दी

## बड़ेरिया ग्लोबल इंस्टीट्यूट में अनोखे तरीके से मनाया बाल दिवस



**जबलपुर।** आज बड़ेरिया ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में बाल दिवस को एक अनोखे तरीके से मनाया गया। संस्थान का हमेशा से सामाजिक सेवा के प्रति सतत प्रयासरत रहा है। इसी कड़ी में आज बाल दिवस पर कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी गतिविधि के अंतर्गत ग्रामीण विद्यालय के बच्चों के लिए एक दिवसीय "कंप्यूटर अवेयरनेस वर्कशॉप- टेक उड़ान" का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्कूल के छोटे बच्चों को कंप्यूटर की बुनियादी जानकारी और उसकी कार्यप्रणाली से परिचित कराना था। बच्चों ने इस वर्कशॉप में रुचि के साथ भाग लिया और कंप्यूटर पर कार्य करके प्रायोगिक ज्ञान भी प्राप्त किया। कार्यशाला उनके लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक सिद्ध हुई। इस वर्कशॉप में शामिल बच्चे समर्थ सद्गुरु विद्यापीठ, सूखा गाँव से आए थे। इन बच्चों को संस्थान के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के तृतीय वर्ष के छात्रों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। संस्थान के चेयरमेन सौरभ बड़ेरिया ने प्रशिक्षण देने वाले छात्रों की प्रशंसा करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। संस्थान के डायरेक्टर डॉ. राजीव खत्री एवं डिप्टी डायरेक्टर डॉ. निहारिका यादव ने सभी बच्चों को उपहार एवं मिठाई वितरित की। इस कार्यशाला का आयोजन डॉ. वंदना पाठक द्वारा किया गया, जिसमें सपन मौर्य का विशेष योगदान रहा।

### प्रदेश की पारेषण क्षमता मे बढोत्तरी

## एमपी ट्रांसको ने 40 एमव्हीए क्षमता का अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर लगाया



**जबलपुर।** प्रदेश की पारेषण व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण करते हुए मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने 132 के वी सबस्टेशन शामगढ़ ( मंदसौर )में एक 40 एमवीए क्षमता का अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर इसे ऊर्जीकृत किया है।इससे सब स्टेशन मे जहां एक अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर की उपलब्धता हो गई है वही क्षेत्र के 21 हजार विद्युत उपभोक्ताओं को निर्बाध व गुणवत्तापूर्ण बिजली प्राप्त हो सकेगी। इस ट्रांसफार्मर के सफलतापूर्वक उर्जीकृत होने से प्रदेश की पारेषण क्षमता मे वृद्धि हुई है। जो अब बढ़कर 82101 एम वी ए की हो गई है।एमपी ट्रांसको के प्रदेश मे 417 एक्स्ट्रा हाई टेंशन सबस्टेशन हैं।

### हाई कोर्ट व मप्र राज्य न्यायिक अकादमी के सम्मेलन में बोले सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति जितेंद्र कुमार माहेश्वरी

# वकालत ऐसा पेशा, जो प्रतिबद्धता, तैयारी, विचारों की स्पष्टता व कानून के शासन के प्रति सम्मान पर आधारित

▶ आईआईआईटीडीएम सभागार में वकालत व व्यावसायिक दक्षता, उत्कृष्टता की खोज विषय पर रखे गए विचार

**जबलपुर**। वकालत एक ऐसा पेशा है जो प्रतिबद्धता, तैयारी, विचारों की स्पष्टता और कानून के शासन के प्रति सम्मान पर आधारित है। बार और बेंच, न्यायरथ के दो पहिए हैं, जिनके बीच तालमेल अपरिहार्य है। ऐसा इसलिए क्योंकि एक के बिना दूसरा अधूरा है। विचार सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति जितेंद्र कुमार माहेश्वरी ने रखे। वे शनिवार को आईआईआईटीडीएम सभागार में वकालत व व्यावसायिक दक्षता, उत्कृष्टता की खोज विषय पर आयोजित सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से बोल रहे थे। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा, न्यायमूर्ति आलोक अराधे, दिल्ली हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश व आर्म फोर्स ट्रिब्यूनल के चेयरमैन न्यायमूर्ति राजेंद्र मेनन, हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा, प्रशासनिक न्यायाधीश विवेक रूसिया के अलावा दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कौरव सहित अन्य उपस्थित थे।

**मुख्य बिंदु**

इस आयोजन में जबलपुर और आसपास के जिलों के 600 से अधिक अधिवक्ताओं ने भाग लिया। धर्मशास्त्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के न्यायिक अधिकारी और विधि छात्र भी उपस्थित रहे। प्रतिभागियों ने दिन के विचार-विमर्श की गहराई के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त की और वकालत में निरंतर पेशेवर विकास और उत्कृष्टता के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

### दार्शनिक लोओत्जु के हवाले से किया प्रेरित

न्यायमूर्ति महेश्वरी ने पेशेवर नैतिकता और क्षमता से जुड़े बढ़ते सवालों पर चिंता व्यक्त करते हुए अधिवक्ता संघ से उच्च नैतिक मानकों को बनाए रखने के लिए सक्रिय कदम उठाने का आग्रह किया। उन्होंने प्रख्यात दार्शनिक लाओत्जु का हवाला देते हुए कहा कि हजार मील की यात्रा एक कदम से शुरू होती है, और इस सम्मेलन के माध्यम से यह महत्वपूर्ण पहला कदम उठाने में मप्र राज्य न्यायिक अकादमी की पहल सराहनीय है।
सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा ने न्यायालयों और वादियों, दोनों की सहायता करने में अधिवक्ताओं की आवश्यक भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि अधिवक्ताओं की पेशेवर तैयारी न्याय प्रदान करने को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करती है। उन्होंने सम्मेलन की सराहना करते हुए कहा कि यह वकालत कौशल को बढ़ाने और कानूनी पेशे को मजबूत करने के लिए एक सार्थक पहल है।
सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति आलोक अराधे ने विधिक पेशे की उत्कृष्ट परंपरा पर प्रकाश डालते हुए अधिवक्ताओं को न्याय व्यवस्था का एक आधारभूत स्तंभ, अनुनय-विनय में पारंगत और परिशुद्धता में पारंगत बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि व्यावसायिक दक्षता केवल एक तकनीकी आवश्यकता नहीं है, बल्कि ईमानदारी, अध्ययन और चिंतन पर आधारित एक आजीवन नैतिक और बौद्धिक प्रयास है।
दिल्ली हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और सशस्त्र बल न्यायाधिकरण के अध्यक्ष, न्यायमूर्ति राजेंद्र मेनन ने इस बात पर जोर दिया कि प्रस्तुत करने और प्रगति करने के कौशल के बिना ज्ञान, मुकदमा वास्तव में बहुत कम उद्देश्य पूरा करता है।
हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। प्रशासनिक न्यायाधीश विवेक रूसिया व महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने भी प्रेरित किया। मप्र राज्य न्यायिक अकादमी के अध्यक्ष, न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

### उद्घाटन के बाद तकनीकी सत्रों में न्यायाधीशों ने किया संबोधित

उद्घाटन सत्र के दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायाधीशों द्वारा तकनीकी सत्र में दिल्ली हाई कोर्ट न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी, न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव, दिल्ली हाई कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति मुक्ता गुप्ता, न्यायमूर्ति वी. कामेश्वर राव, न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद, पूर्व न्यायमूर्ति रेखा पल्ली, न्यायमूर्ति नवीन चावला, न्यायमूर्ति जसमीत सिंह, न्यायमूर्ति अमित बंसल पैनलिस्ट के रूप में शामिल हुए। दिन का समापन एक समापन चिंतन सत्र के साथ हुआ। सत्र के मुख्य अतिथि हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा थे। प्रशासनिक न्यायमूर्ति विवेक रूसिया और न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल ने भी विचार प्रस्तुत किए। हाई कोर्ट बार के अध्यक्ष धन्य कुमार जैन, हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, सीनियर एडवोकेट्स काउंसिल के माहसचिव आदित्य अधिकारी, स्टेट बार चेयरमैन राधेलाल गुप्ता, हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल धरमिंदर सिंह, उमेश पांडव, निदेशक, एमपीएसजेए, रजिस्ट्री के अधिकारी, राज्य न्यायिक अकादमी के अधिकारी मौजूद थे।



## मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में हेरिटेज गार्डन का उद्घाटन

हेरिटेज गार्डन में देशी और विरासती पौधों की प्रजातियां

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में शनिवार को नव-विकसित हेरिटेज गार्डन का औपचारिक उद्घाटन किया गया। शांत और गरिमामय माहौल में आयोजित इस कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश, वरिष्ठ विधिवेत्ता और संस्थान के अधिकारी मौजूद रहे।

हेरिटेज गार्डन का उद्घाटन सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति जितेंद्र कुमार माहेश्वरी, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा, न्यायमूर्ति आलोक अराधे, पूर्व मुख्य न्यायाधीश दिल्ली हाईकोर्ट और एएफटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति राजेंद्र मेनन, न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा और न्यायमूर्ति विवेक रूसिया की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम के दौरान रजिस्ट्रार जनरल धर्मिंदर सिंह और रजिस्ट्री के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

उद्घाटन के बाद गणमान्य व्यक्तियों ने उद्यान का भ्रमण किया। हेरिटेज गार्डन में देशी और विरासती पौधों की प्रजातियां, थीम आधारित हरित क्षेत्र, छायादार मार्ग और पर्यावरण को हरियाली और शांति का नया लुक देंगे। उद्यान का ऐतिहासिक महत्व भी विशेष है। यहां 1903 में राजा एडवर्ड सप्तम के राज्याभिषेक पर लगाया गया पीपल का पेड़, भारत की स्वतंत्रता के समय आई.पी.एस. अधिकारी बी.आर. दिवाकर द्वारा निर्मित जयस्तंभ और डिप्टी कमिश्नर बेंजामिन रॉबर्टसन द्वारा कर्नल विलियम हैग की स्मृति में बनाया गया पुराना फव्वारा जैसी धरोहरें मौजूद हैं। ये संरचनाएं उद्यान की ऐतिहासिक पहचान को मजबूत बनाती हैं।

गणमान्य अतिथियों ने उद्यान के विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह हेरिटेज गार्डन न्यायालय में आने वाले लोगों को एक शांत, स्वच्छ और चिंतनपूर्ण वातावरण प्रदान करेगा। हाईकोर्ट परिसर में प्रकृति, विरासत और पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

## प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद नहीं दे सकते नियमों को चुनौती

मॉप-अप राउंड में मेडिकल सीट प्राप्त करने वाले छात्रों को राहत नहीं

**हरिभूमि जबलपुर।**

मेडिकल काउंसलिंग के माप-अप राउंड में सीट प्राप्त करने वाले छात्रों की तरफ से वैकेंसी राउंड में शामिल होने की अनुमति के लिए मप्र हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने याचिका निरस्त करते हुए कहा है कि प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद नियमों को चुनौती नहीं दे सकते है। क्योंकि काउंसलिंग के पहले याचिकाकर्ता छात्रों को नियम की जानकारी थी।

याचिकाकर्ता राजधानी भोपाल निवासी रिधि चंचनी, जय जैन सहित अन्य की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि मेडिकल काउंसलिंग के माप-अप राउंड के फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कुछ छात्रों को सीट आवंटित की गई थी। इसके बाद



उन छात्रों को आवंटित की गई सीट निरस्त कर दी थी। उन्हें भी माप-अप राउंड में सीट आवंटित की गई थी। माप-अप राउंड में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सीट आवंटित नहीं की जाती तो मेरिट के आधार पर उन्हें अपनी पसंद के कालेज में सीट प्राप्त होती। याचिका में राहत चाही गयी थी कि वैकेंसी राउंड में उन्हें शामिल होने की अनुमति प्रदान की जाए।

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ताओं को वैकेंसी राउंड में भाग लेने की अनुमति दी जाती है, तो शैक्षणिक सत्र में और देरी होने की संभावना है। याचिकाकर्ताओं ने पहले तीन दौर में सीट पहले ही सुरक्षित कर ली हैं, उन्हें रिक्तियों के दौर में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जा सकती। याचिकाकर्ता ने पूरी चयन प्रक्रिया में भाग लिया और नियम अवगत थे।यह स्थापित कानूनी स्थिति है कि भाग लेने वाले प्रक्रिया समाप्त होने के बाद नियमों को चुनौती नहीं दे सकते है।

### सर्वोच्च न्यायालय में दायर करेंगे एसएसपी

याचिकाकर्ताओं की तरफ से पैरवी करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी ने बताया कि इस आदेश के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय में एसएलपी दायर की जाएगी। हमारी मांग है कि काउंसिलिंग में मैरिट को प्राथमिकता दी जाना चाहिए।

## *मूल नियुक्ति से वरिष्ठता मानते हुए प्रमोशन सहित अन्य लाभ दें*

**हाईकोर्ट का आदेश**

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट ने एक मामले में व्यवस्था दी है कि वरिष्ठता का प्रारंभिक बिंदु मूल नियुक्ति की तिथि है, इसके अलावा और कुछ नहीं है। इस मत के साथ जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने याचिकाकर्ता की वरिष्ठता उसकी मूल नियुक्ति करकेली से मानते हुए उसे असिस्टेंट ग्रेड-टू के पद पर प्रमोशन सहित सभी अनुषांगिक लाभ प्रदान करें। इसके लिए 45 दिन की मोहलत दी है। याचिकाकर्ता शहडोल निवासी गीता प्रसाद शुक्ला की ओर से दलील दी कि याचिकाकर्ता की मूल नियुक्ति 15 मई,1987 में करकेली, शहडोल में हुई थी। याचिकाकर्ता को 1997 में सोहागपुर में स्थानांतरित किया गया और तभी से उसकी वरिष्ठता की गणना की गई। इस वजह से उससे कनिष्ठ कर्मी को प्रमोशन का लाभ दे दिया गया और याचिकाकर्ता उससे वंचित रह गया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने पाया कि नियमानुसार वरिष्ठता की गणना मूल नियुक्ति तिथि से होनी चाहिए। कोर्ट ने निर्देश दिए कि याचिकाकर्ता की वरिष्ठता भी करकेली में उसकी नियुक्ति की तिथि से उसकी सेवाओं की गणना करके तय की जाए। वरिष्ठता तय करने के बाद उसे प्रमोशन सहित सभी आर्थिक लाभ भी प्रदान करें।

## चलती ट्रेन में सुरक्षित प्रसव कराया

जबलपुर रेल मंडल के अधिकारियों और डॉक्टरों ने दिखाई तत्परता

**जबलपुर**। रेल मदद 139 से मिली सूचना पर शनिवार को जबलपुर रेल मंडल की त्वरित एवं समन्वित कार्रवाई से गाड़ी संख्या 01143 मुंबई एलटीटी–दानापुर स्पेशल के कोच बी1-17 में यात्रा कर रही 9 माह की गर्भवती महिला संगीता (उम्र 28 वर्ष, निवासी इलाहाबाद) की सुरक्षित डिलीवरी कराई गई।



ट्रेन जबलपुर स्टेशन की ओर बढ़ रही थी तभी महिला को तीव्र प्रसव पीड़ा हुई और स्थिति गंभीर हो गई। सूचना मिलते ही वाणिज्य विभाग के उप स्टेशन प्रबंधक आशीष चड्ढा एवं बलवंत, रेलवे चिकित्सक डॉ. अंकिता सिद्धार्थ, नर्स उषा, उपासना तथा गणेश तत्काल मौके पर पहुंचे। टीम ने पूरी सतर्कता के साथ आउटर के पास ही सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित किया। डॉ. अंकिता सिद्धार्थ द्वारा कॉर्ड कलेपिंग एंड कंटिग, प्लेसेंटा रिमूवल तथा इमीडिएट पोस्ट-डिलीवरी बेबी केयर सहित सभी आवश्यक चिकित्सकीय प्रक्रियाएँ पूर्ण सावधानी के साथ की गईं। डॉक्टरों के अनुसार मां और नवजात दोनों स्वस्थ हैं।

उपचार के बाद महिला को उसके भाई के साथ आगे की चिकित्सकीय देखभाल हेतु रानी दुर्गावती अस्पताल, जबलपुर भेजा गया। महिला मुंबई एलटीटी से पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन (डीडीयू) की यात्रा कर रही थी। कोच के यात्रियों ने तथा महिला के परिवार ने भी भारतीय रेल की समय पर मिली सहायता के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।




## शराब पीने के लिये रूपये नहीं देने पर पिता-पुत्रों से मारपीट

**जबलपुर**। संजीवनीनगर थाना अतंर्गत गंगानगर में शराब पीने के लिए रुपए नहीं देने की बात पर तीन बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट कर उसे जमीन पर पटक दिया, इसी बीच युवक के पिता व भाई ने बीच बचाव किया तो आरोपियों ने उन पर पत्थर से हमला कर घायल कर दिया। संजीवनीनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मड़फैया संजीवनीनगर निवासी 18 वर्षीय सागर बर्मन गत रात लगभग 9 बजे कपड़ा कारखाना से काम करके घर जा रहा था, तभी गंगानगर में सोनी ट्रेडर्स सीमेंट की दुकान के पास शनि झारिया अपने दो दोस्तों के साथ आया और उससे शराब पीने के लिये एक हजार रूपये की मांग करने लगा, उसने रूपये देने से मना करने पर तीनों ने उसके साथ मारपीट कर जमीन पर पटक दिये जिससे उसके सिर में चोटें आ गयी, उसने मोबाइल से अपने भाई को घटना के बारे में बताया तो उसके पिता राजेश बर्मन, भाई सूजल बर्मन आकर बीच बचाव करने लगे तो शनि और उसके दोनों साथियों ने पत्थर से हमलाकर पिता एवं भाई के सिर में भी चोटें पहुँचा दी तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।






## घर पर शराब पीने से मना करने पर भाई-भाभी ने की मारपीट

**जबलपुर**। हनुमानताल थाना अतंर्गत सिंधी कैंप बड़ी मदार टेकरी में घर में शराब पीने से मना करने की बात पर बड़े भाई और भाभी ने देवर के साथ मारपीट कर पत्थर से हमला कर घायल कर दिया। हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंधी कैंप बड़ी मदार टेकरी निवासी 30 वर्षीय रवि चौधरी ने गत रात 8.30 बजे बड़े भाई सुखचैन चौधरी को घर में शराब पीने से मना किया तो, इसी बात से नाराज भाई सुखचैन ने गालीगलौज की, गालियां देने से मना किया तो भाभी दुर्गा चौधरी ने उसके दोनों हाथ पकड़ लिए और सुखचैन ने पत्थर से सिर व हाथ की उंगलियों पर हमला कर चोटें पहुंचा दी। पुलिस ने आरोपी भाई भाभी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(ए), 115(2), 118(1), 351(3), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240